अहमदाबाद से प्रकाशित पाक्षिक R.N.I. No. 54975 /1994
Published on 15th & 30th of Every Month
Permited to post on 3rd & 17th every Month at A'bad PSO under postal Reg. No.
GAMC No. 1488/2017 - 2019 - Valid 2017 up to 31-12-2019

सिन्धी बन्धु

Website - http://www.sindhibandhu.com

गुजरात से सर्वप्रथम प्रकाशित हिन्दी पाक्षिक पत्रिका

We are available at

E-mail: sindhibandhu@yahoo.in

अधिष्ठापक तंत्री - हरिश भागवाणी

E-mail: sindhibandhu@gmail.com

वर्ष *25 अंक 07 * दिनांक 30-08-2018 * संपादक: रेशमा भागवाणी * सहसंपादक : निर्मल भागवाणी * पृष्ठ : 4 * किंमत-1.00 * फोन-22822205 मो.:9429518141

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : रेशमा भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया

99.30% पुराने नोट बैंकों में लौटे, नोटबंदी के दौरान जितनी करंसी बाहर हुई, उससे ज्यादा अभी चलन में: आरबीआई

नोटबंदी के वक्त 500 और 1000 रुपए के जितने पुराने नोट चलन में थे, उनमें से 99.30% जमा हो गए। 8 नवंबर 2016 को नोटबंदी का ऐलान हुआ था। उस दिन 500 और 1000 रुपए के 15.41 लाख करोड़ रुपए मूल्य के नोट सर्कुलेशन में थे। इनमें से 15.31 लाख करोड़ बैंकों के पास लौट आए। आरबीआई की बुधवार को जारी हुई 2017-18 की रिपोर्ट में ये आंकड़े सामने आए। रिपोर्ट के मुताबिक नोटबंदी के दौरान जितनी करंसी सिस्टम से बाहर हुई, उससे ज्यादा अभी चलन में है। 15.41 लाख करोड़ के मुकाबले मार्च 2018 तक 18.03 लाख करोड़ रुपए के नोट सर्कुलेशन में आ गए। पिछले एक साल में इसमें 37.7% की बढ़ोतरी हुई। आरबीआई के मुताबिक, मार्च 2017 तक जितनी करंसी सिस्टम में थी, उसमें 72.7% नोट 500 और 2000 रुपए के थे। मार्च 2018 तक सर्कुलेशन में मौजूद कुल नोटों में 500 और 2000 रुपए के नोटों की संख्या 80.2% हो गई। नोटबंदी के बाद सरकार ने 500 का पुराना नोट तो बदल दिया लेकिन 1000 का नोट पूरी तरह बाहर कर दिया। इसकी जगह 2000 का नोट लाया गया।

रिजर्व बैंक का कहना है कि पिछले वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ। देश में निवेश और निर्माण बढ़ा। सालाना आधार पर महंगाई कम हुई। पिछले कुछ वर्षों के मुकाबले क्रेडिट ग्रोथ भी डबल डिजिट में लौट आई। अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में जीएसटी अहम साबित हुआ।

* 2016-17 में नोट छापने का खर्च 7,965 करोड़ रुपए आया। ये 2015-16 में खर्च हुए 3,421 करोड़ रुपए के दोगुने से भी ज्यादा है।

सरकार ने कहा- नोटबंदी की प्रकिया पूरी: आर्थिक मामलों के सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि नोटबंदी के बाद जो 500 और 1000 के जो पुराने नोट जमा हुए उनकी गिनती पूरी हो गई है। सभी नोट नष्ट कर दिए गए हैं। सिर्फ 10,000 करोड़ के पुराने नोट वापस नहीं आ पाए। कुछ रकम को लेकर कोर्ट में मामले चल रहे हैं। लेकिन वह काफी कम है। इसलिए नोटबंदी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

कांग्रेस बोली- देश ने 2.25 लाख करोड़ की कीमत चुकाई: आरबीआई के आंकड़े आने के बाद पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सिर्फ 13,000 करोड़ रुपए के नोट बंद करने के लिए देश को 2.25 लाख करोड़ की कीमत चुकानी पड़ी। नोटबंदी की वजह से करोड़ों लोगों का रोजगार छिन गया और सैंकड़ों लोगों की जान चली गई। चिदंबरम के मुताबिक जो 13,000 करोड़ रुपए वापस नहीं आ पाए, जरूरी नहीं कि वो भी कालाधन हो।

आर्थिक सुधार की नीतियों से फायदा: आरबीआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए भारत पसंदीदा देश है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में तेजी आ रही है। सर्विस और एग्रीकल्चर की ग्रोथ से फायदा हुआ है। लगातार तीसरे साल मानसून सामान्य रहने से कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी के आसार हैं। सिंगल ब्रांड रिटेल, सिविल एविएशन और रियल एस्टेट में रिफॉर्म और कानून प्रक्रिया आसान होने से देश में कारोबार आसान हुआ है। इन वजहों से वर्ल्ड बैंक की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की ग्लोबल रैंकिंग में भारत टॉप-100 में शामिल हो सका। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा हालात को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में बैंकों का एनपीए में बढ़ने के आसार हैं। एनपीए की प्रोविजनिंग बढ़ने से बैंकों को नुकसान हुआ है।

50 रुपए के नकली नोट 154% बढ़े: आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक 50 रुपए के नकली नोटों में 154% इजाफा हुआ है। 2017-18 में पकड़े गए 100 रुपए के नकली नोट 35% बढ़े हैं। 500 रुपए के 9,892 नकली नोट पकड़ में आए। 2,000 के नकली नोटों की संख्या 17,929 रही।

60 देशों की जीडीपी के बराबर रकम चलन से बाहर हुई थी : 8 नवंबर 2016 को रात 12 बजे से 1000 और 500 के नोट चलन से बाहर कर दिए गए थे। महज चार घंटे में 86% करंसी यानी 15.41 लाख करोड़ रुपए के नोट चलन से बाहर हो गए थे। ये रकम उस वक्त 60 छोटे देशों के ग्रॉस डॉमेस्टिक प्रोडक्ट (GDP) के बराबर थी। नोटबंदी का ऐसा फैसला 1978 के बाद हुआ था। तब जनता पार्टी की सरकार ने 1000, 5000 और 10000 हजार के नोटों को बंद कर दिया था।

मोदी की अपील- सोशल मीडिया पर गंदगी न फैलाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लोगों से सोशल मीडिया पर गंदगी न फैलाने की अपील की। मोदी ने नमो ऐप के जरिए वाराणसी के भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर कई बार लोग मर्यादाएं भूल जाते हैं। ऐसे में देश के हर एक नागरिक का कर्तव्य है कि वे इसका इस्तेमाल गंदगी फैलाने में न करें।

उधर, सोशल साइट वॉट्सऐप ने फेक न्यूज और अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए रेडियो पर अभियान शुरू किया। इसके जरिए वॉट्सऐप यूजर्स को किसी मैसेज को शेयर करने से पहले उसकी सत्यता जांचने के लिए कहेगा।

"वॉट्सऐप आज से देश के 46 रेडियो स्टेशन के जरिए अभियान शुरू करेगा। अभी इसका प्रसारण सिर्फ हिंदी में किया जा रहा है।

नीरज चोपड़ा ने गोल्ड जीता, एशियाई खेलों में जेवलिन थ्रो के इतिहास में भारत को पहला स्वर्ण पदक



जकार्ता. जेवलिन थ्रोअर (भाला फेंक खिलाड़ी) नीरज चोपड़ा ने 18वें एशियाई खेलों के 9वें दिन का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने 88.06 मीटर का थ्रो किया। यह उनका पर्सनल बेस्ट और राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। वे एशियाड में जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं। उनसे पहले 1951 दिल्ली एशियाड में परसा सिंह ने रजत और 1982 में भारत के गुरतेज सिंह ने कांस्य पदक जीता था।

नीरज के अलावा सोमवार को भारत के धरुन अय्यासामी ने पुरुषों की 400 मीटर हर्डल्स, सुधा सिंह ने महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज और नीना वराकिल ने महिलाओं की लंबी कूद में रजत पदक जीता।

अब ओलिंपिक में राष्ट्रगान बजवाना लक्ष्य : नीरज के स्वर्ण पदक जीतने के कारण इस एशियाड के 9वें दिन भारतीय राष्ट्रगान बजा। नीरज के गोल्ड जीतने के कारण गोल्ड कोस्ट कॉमनवेल्थ गेम्स में भी राष्ट्रगान बजा था। अब उनका अलग लक्ष्य 2020 टोक्यो ओलिंपिक में राष्ट्रगान बजवाना है। दैनिक भास्कर से हुई बातचीत में नीरज के चाचा भीम चोपड़ा ने यह बात साझा की। भीम चोपड़ा ने कहा, "नीरज का अगला लक्ष्य वर्ल्ड चैम्पियनशिप और 2020 टोक्यो ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर तिरंगे का मान बढ़ाना है। उसकी इच्छा है कि टोक्यो में जब वह पोडियम पर खड़ा हो तो राष्ट्रगान बजे।"

परिवार में कोई भी स्पोर्ट्स बैकग्राउंड से नहीं : नीरज 17 लोगों वाले संयुक्त परिवार का हिस्सा हैं। उनके पिता किसान हैं। वे आठ भाई-बहनों में सबसे बड़े हैं। उनसे पहले उनके परिवार में कोई भी खिलाड़ी नहीं हुआ। स्टारडम मिलने का नीरज के प्रदर्शन पर कहीं उल्टा प्रभाव तो नहीं पड़ेगा, के सवाल पर भीम चोपड़ा ने बताया, "हमारा बच्चा बहुत डाउन टू अर्थ है। इगो उसे छू तक नहीं गया है। वह केवल अपने काम से मतलब रखता है। वह बहुत संघर्ष कर यहां तक पहुंचा है। हम मध्यम आय वर्ग से आते हैं, इसलिए ऐसा कभी नहीं हुआ कि उसने जिस चीज की इच्छा की हो वह उसे तुरंत मिल गई हो। इसके अलावा हम लोग भी उसे बीच-बीच में मोटिवेट (प्रोत्साहित) करते रहते हैं।"

धरुन ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा : भारत ने सोमवार को पहला पदक ट्रैक एंड फील्ड में जीता। धरुन ने 48:96 सेकंड का समय निकालकर 400 मीटर हर्डल्स (बाधा दौड़) में रजत पदक जीता। उनका यह पर्सनल बेस्ट भी है। बहरीन के अबदुररहमान सांबा ने 47:66 सेकंड का नया एशियाई खेल रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। जापान के ताकातोशी आबे ने 49:12 सेकंड का समय निकाल कर कांस्य पदक जीता।

सुधा ने 9 मिनट 40:03 सेकंड का समय निकाला : स्टीपलचेज में सुधा सिंह ने 9:40:03 मिनट के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। 2010 की एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाली सुधा एक समय स्वर्ण पदक की दौड़ में थीं, लेकिन बाद में बहरीन की विनफ्रेड यावी से पीछे रह गईं। विनफ्रेड ने 9:36:52 मिनट का समय निकालते हुए स्वर्ण पदक जीता। वियतनाम की थिओन्ह गुयेन ने 9:43:83 मिनट का समय निकाला। उन्हें कांस्य पदक मिला। भारत की और धावक चिंता 11वें स्थान पर रहीं। उन्होंने 10:26.21 मिनट का समय निकाला।

नीना 0.04 मीटर के अंतर से स्वर्ण पदक से चूकीं : नीना ने फाइनल में 6.51 मीटर के साथ रजत पदक अपने नाम किया। फाइनल में नीना ने दमदार शुरुआत की। उन्होंने पहले प्रयास में 6.41 मीटर की कूद लगाई। दूसरे और तीसरे प्रयास में उन्होंने क्रमशः 6.40 और 6.50 मीटर की दूरी तय की। उन्होंने चौथे प्रयास में 6.51 मीटर की कूद लगाई। हालांकि, आखिरी के दो (पांचवें और छठवें) प्रयास में वे 6.46 और 6.50 मीटर की ही दूरी तय कर पाईं। वियतनाम की थाओ थू थी बुई ने 6.55 मीटर की कूद लगाते हुए इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। चीन की शिओलिंग शू ने 6.50 मीटर की कूद लगाई और कांस्य पदक जीता।

संपादकीय

GDP ग्रोथ 7.4% रहने का अनुमान, इंडस्ट्रियल एक्टिविटी व अच्छे मॉनसून का मिलेगा फायदा

रिजर्व बैंक (RBI) ने चालू वित्त वर्ष के दौरान भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ बढ़कर 7.4 फीसदी रहने का अनुमान जाहिर किया है। आरबीआई ने कहा कि इंडस्ट्रियल एक्टिविटी बढ़ने और अच्छे मॉनसून से इकोनॉमी को बूस्ट मिलेगा। बुधवार को जारी आरबीआई की सालाना रिपोर्ट में ये बातें सामने आई हैं।

रिटेल इनफ्लेशन के 4 फीसदी के लक्ष्य पर रहेगा जोर

आरबीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, उसकी मॉनिटरी पॉलिसी का जोर रिटेल इनफ्लेशन के 4 फीसदी के मीडियम टर्म टारगेट को हासिल करने पर बना रहेगा, जिसके +/- 2 फीसदी का दायरा रखा गया है। इससे ग्रोथ को सपोर्ट मिलने का अनुमान है।

करंट अकाउंट डेफिसिट कम रहने का भरोसा

आरबीआई ने आगाह किया कि भारत के एक्सटर्नल सेक्टर के लिए ग्लोबल दिक्कतें बनी रहेंगी, लेकिन केंद्रीय बैंक ने भरोसा जताते हुए कहा कि देश के करंट अकाउंट डेफिसिट को व्यापक फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट का सपोर्ट मिलता रहेगा।

एसबीआई ने जताई है सीएडी बढ़ने की आशंका

देश के सबसे बड़े लेंडर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) सहित कई एक्सपर्ट्स ने उम्मीद जाहिर की है कि तेल की कीमतों में बढ़ोत्तरी और ट्रेड डेफिसिट के चलते इस वित्त वर्ष में सीएडी में बढ़त देखने को मिल सकती है। मार्च, 2018 में समाप्त वित्त वर्ष के दौरान सीएडी 2 फीसदी रहने की उम्मीद जाहिर की गई थी।

प्यार सच्चा हो तो, भगवन स्वयं उपस्थित होते हैं,
प्यार सच्चा हो तो, कोई शिकवा शिकायत नहीं रहती जिन्दी में,
प्यार सच्चा हो तो, हमतुम तुम हम नहीं रहता जिंदगी में,
प्यार सच्चा हो तो, प्यार की ख़ुशबु चारो और फ़ैल जाती हैं।

हुंडराज खेसवाणी

मनुष्य का मूल लक्ष्य ईश्वर को प्राप्त करना एवं संत प्रवृत्ति इसका उपाय : साईं मसन्द

रायपुर। "सनातन शास्त्रों के अनुसार मनुष्य का मूल लक्ष्य ईश्वर को प्राप्त करना है। ईश्वर वस्तुतः कल्याण कारी अलौकिक आध्यात्मिक शक्ति है। मनुष्य परोपकारी संत प्रवृत्ति का जीवन जीकर इस कल्याणकारी आध्यात्मिक शक्ति रूपी ईश्वरत्व को प्राप्त कर सकता है। देश–विदेश के अनेकों सिद्ध संत–महात्मा इसके प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। यह आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त कर लेने के कारण ही इन संतों के आशीर्वाद से असंख्य लोगों का चमत्कारिक ढंग से कल्याण तथा अन्य अनेक चमत्कार होते देखे जाते हैं।" ये उद्गार मसन्द सेवाश्रम रायपुर के पीठाधीश पूज्यपाद साईं जलकुमार मसन्द साहिब जी ने मुंगेली में संत गोविंदराम साहिब जी के 21वें त्रिदिवसीय वर्सी महोत्सव का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में अपने आध्यात्मिक मार्गदर्शन में व्यक्त किये।

साईं मसन्द साहिब जी ने कहा कि इंसान जैसे–जैसे संत प्रवृत्ति का जीवन जीने की दिशा में आगे बढ़ता जाता है वैसे–वैसे उसका जीवन आनंदमय होता जाता है। इसके अलावा जो–जो संत यह कल्याणकारी अलौकिक शक्ति प्राप्त करने में सफल होते है, वे पुनर्जन्म व मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाते है। उन्होंने कहा कि प्राणी का अंतिम उद्देश्य भी मोक्ष प्राप्त करना ही है। साईं मसन्द साहिब ने कहा कि इस दिशा में सफलता अपेक्षित ज्ञान के साथ–साथ निरंतर कल्याण कारी कार्य करते रहने से मिलती है। उन्होंने परामर्श दिया कि लोग सिद्ध संतों से जुड़कर अपना जीवन सफल करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा संतों का भी यह विशेष दायित्व है कि वे न केवल लोगों का इस दिशा में मार्गदर्शन करें बल्कि सफलता हेतु उन्हें उचित मदद भी करें।

वर्सी महोत्सव में देश के अनेक नगरों से प्रसिद्ध भजन मंडलियां एवं संतों के साथ–साथ बड़ी संख्या में क्षेत्र के धर्म प्रेमी शामिल हुहे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा बालाघाट के 9 वर्षीय भजन गायक भव्यराज का मनमोहक गायन। मुंगेली की पूज्य सिंधी पंचायत, सिंधी संस्कृति महिला मंडल एवं जय झूलेलाल सेवा मंडल का महोत्सव की सफलता में सराहनीय भूमिका रही।

स्वतंत्रता दिन गुजरात सरकार

सद्‌गुरु स्वामी सर्वानन्दजी महाराज का 122वाँ जन्म महोत्सव

गुरुवार 18 अक्टूबर से सोमवार 22 अक्टूबर 2018 तक

सनातन धर्मी श्री प्रेम प्रकाश मण्डलाचार्य योगीराज ब्रह्मश्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ श्री श्री 1008 सद्‌गुरु स्वामी टेऊँरामजी महाराज की छत्रछाया में प्रेम प्रकाश मण्डल के त्याग तपस्या की साक्षात् मूर्ति सद्‌गुरु स्वामी सर्वानन्दजी महाराज का 122वाँ जन्मोत्सव श्री प्रेम प्रकाश मण्डलाध्यक्ष सत्‌गुरु स्वामी भगतप्रकाशजी महाराज की अध्यक्षता में गुरुवार, 18 अक्टूबर से सोमवार, 22 अक्टूबर 2018 (सिन्धी तारीख 8 से 12 असू सम्वत् 2075) तक प्रेम प्रकाश आश्रम, हरिद्वार में धूमध ाम से मनाया जायेगा। इस महाब्रह्मयज्ञ में प्रेम प्रकाश मण्डल के सब संत एवं सारे भारतवर्ष के संत महात्मा, विद्वान, कवि एवं भगत सद्‌गुरु महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालेंगे.

18 अक्टूबर 2018, गुरुवार प्रातः 7 से 10 बजे सत्संग एवं श्री प्रेम प्रकाश ग्रंथ व श्रीमद्भगवदगीता के पाठ आरम्भ, 10 से 11 बजे तक हवन, 11 बजे प्रेम प्रकाश ध्वजावन्दन, आरोहण,सायं 3 बजे शोभायात्रा एवं 7 से 8 बजे तक सत्संग

19 अक्टूबर, शुक्रवार से21 अक्टूबर, रविवार तक प्रातः 7 से 11 एवं सायं 4 से 8 बजे तक सत्संग

22 अक्टूबर, सोमवार प्रातः 6 बजे गुरुपूजा, पोशाक पहरान, भोग आदिप्रातः 7 से 11 बजे सत्संग, पाठों का पारायण तत्पश्चात् संत समाज का भण्डारा,सायं 4 से 8 बजे तक सत्संग, दीप प्रज्ज्वलन, छप्पन भोग, पल्लव, उत्सव का समापन

लॉन्चिंग के घंटेभर में 1 लाख से ज्यादा डाउनलोड हुआ Neta App, इसके मुताबिक आज चुनाव हो तो भाजपा को 212 सीटें

विधायकों और सांसदों के काम को रेटिंग देने और उनका रिपोर्ट कार्ड बताने के लिए एक नए मोबाइल ऐप 'Neta' शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने लॉन्च किया। लॉन्च होने के एक घंटे के अंदर ही इस ऐप को 1 लाख से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है और ये ऐप एंड्रॉयड और आईओएस दोनों ही प्लेटफॉर्म पर मौजूद है।

27 साल के युवक ने बनाया है इसे : Neta ऐप को 27 साल के प्रथम मित्तल ने डेवलप किया है। लॉन्चिंग के दौरान प्रथम ने बताया कि इस ऐप का इस्तेमाल कर कोई भी व्यक्ति अपने इलाके के सांसद और विधायक के काम को न सिर्फ रेटिंग दे सकता है, बल्कि उसका रिपोर्ट कार्ड भी देख सकता है।

ऐप ने बताया- आज लोकसभा चुनाव हुए तो बीजेपी को 70 सीटों का नुकसान

- Neta ऐप के जरिए कोई भी रिजल्ट भी देख सकता है। यानी कि इस ऐप के जरिए जितने लोगों ने अपने इलाके के सांसद और विधायकों को रेटिंग दी होगी, उसके हिसाब से एक ओपिनियन पोल दिखाया जाता है।

- इस ओपिनियन पोल के मुताबिक, बीजेपी को लोकसभा चुनावों में 70 सीटों का नुकसान जबकि कांग्रेस को 66 सीटों का फायदा होगा। वहीं मध्य प्रदेश विधानसभा में भी बीजेपी को सीटों का नुकसान हो रहा है, हालांकि यहां पर बीजेपी चौथी बार अपनी सरकार बनाती दिख रही है।

गुजरात सरकार द्वारा सिंधीयो को प्रदान किया जा रहा भाषाकीय लघुमति का प्रमाणपत्र

गुजरात सरकार द्वारा निर्धारित किया गया की लघुमति में पहले सिर्फ धार्मिक लघुमति वाले समाज का ही समावेश किया गया था, पर भाषाकीय लघुमति का इसमें कोई समावेश नही था, परन्तु अब उर्दू, सिंधी और मराठी बोली के लोगो को भाषाकीय लघुमति प्रदान की.

इस बात पर गौर करने जैसा हे भाषाकीय लघुमति का मतलब यह नहीं हैं कोई रिजर्वेशन कोटा मिला गया हैं परन्तु इसके जरिये सिंधी समाज के बच्चो को भारत सरकार द्वारा पढाई के लिए रियायती दर पर लोन, मुद्रा योजना, स्वरोजगार योजना , मकान बनाने के लिए आवास योजना और कई विवध योजना में लाभ मिलेगा.

सही में कहा जाये तो सिंधीयो को यह बात पता ही नहीं थी, इस बात की जानकारी फैलाने का पूरा श्रेय श्री जय समतानी जी को जाता हैं, उन्होंने न सिर्फ यह बात का पता लगाया पर इस बात की यथार्थता जांचने के लिए खुद का और खुद के परिवार का ही भाषाकीया लघुमति का प्रमाणपत्र बनवाया। निचे दी गई लिंक पर से आप फॉर्म और अन्य दिशा निर्देश प्राप्त कर सकते हैं

https://sje.gujarat.gov.in/downloads/gr-27042018-a1.pdf

और अन्य स्कीम संबधित जानकारी के लिए निचे दी गई लिंक पर क्लिक करिये

http://www.minorityaffairs.gov.in/sites/default/files/pm15points_hguide.pdf

http://www.minorityaffairs.gov.in/sites/default/files/List of shemes under PM 15 PP.pdf

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=123531

वैसे तो गुजरात में तो कई सरे सिंधी नेता हैं पर किसी ने सायद ही सिंधी समाज के कल्याण के लिए कोई कार्य किया होगा, यहाँ तक की कई MLA को तो यह भी नहीं पता होता की जो वो कार्य का वचन देते हैं, वो दरअसल कॉपोटर का कार्य हैं. ऐसे में इन्होने जो बेडा उठाया वो वंदनीय हैं, अगर अपने भी किया हो ऐसा कोई सिंधी समाज को फक्र हो ऐसा काम या कोई स्कालरशिप स्कीम दे रहे हो तो आप हमारे नंबर 9429518141 पर व्हाट्सप्प कर सकते हैं. सिंधीयो की बात सुनने के लिए भी सिंधी समाज गुजरात सर्कार के आभारी हैं

इस सर्टिफिकेट बनवाने के लिया कोई भी सिंधी चाहे तो निचे दिए गए पते पर मिल सकता हैं।

सिंधी पंचायत खोखरा, मणिनगर, अहमदाबाद

www.sindhipanchayat.com

मिलने का समय

सोमवार – शनिवार : सुबह 11 से 1

इतवार(sunday) : सुबह 10 से 2

दिलीप गिधवानी / जय समतानी

मोबाइल नंबर : 9824165512

इसके लिए निचे दिए प्रमाणपत्र चाहिए

1. स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट / बर्थ सर्टिफिकेट
2. सिंधी पंचायत द्वारा सिंधी होने का प्रमाणपत्र
3. आधार कार्ड / इलेक्शन कार्ड / राशन कार्ड
4. लाइट बिल / टेलीफोन बिल / हाउस टैक्स बिल

आप इसका फॉर्म यहाँ से भी डाउनलोड कर सकते हैं या आपको यह फॉर्म खोखरा सिंधी पंचायत द्वारा भी प्रदान किया जा सकता है और वही आपको और जानकारी दी जाएगी और मदद की जाएगी

हितेश दादवाणी

(MDRT Agent SBI Life Insurance)

SBI Life INSURANCE With Us. You're Sure

- General Insurance
- Life Insurance
- Child Education
- Retirement Planning
- Mutual Fund
- Home Loan
- Business Loan

A-408 4th FLOOR DEVARSHI SHINE, NEAR KAILASH ROYAL, NANA CHILODA, AHMEDABAD-382330

मो. 7600026137

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : रेशमा भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया